न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात
Website : www.news12bharat.com

संस्करण : धनबाद | मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया

# धनबाद संसदीय सीट से सरयू ने फिर दी चुनाव लड़ने का संकेत

**▶ भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही हो सकती है धनबाद में परेशानी**

(न्यूज12 भारत)

धनबाद: धनबाद संसदीय सीट पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा का हमला लगातार जारी है। इस पार्टी के संरक्षक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर हमला बोलते हुए कहा है कि सोमवार तक उनकी पार्टी का धनबाद से चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। लेकिन इसमें प्रत्याशी कौन होगा इस मामले में उन्होंने अब तक मामला गोपनीय रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक इस मामले में पार्टी सर्वसम्मत निर्णय ले लेगी।एक प्रश्न के जवाब में उनका कहना था कि कांग्रेस



प्रत्याशी अनुपमा सिंह उनसे मिलने आयी थी। बेटी बहू को आशीर्वाद देना हमारी संस्कृति है लेकिन उन्होने व्यक्तिगत रूप से सिर्फ आशीर्वाद दिया है। उसके पार्टी की टिकट का कोई संबंध नहीं। विश्वास सूत्रों का मानना है कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो इसका खामियाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल को होना तय है। सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व की तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी भी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है .जबकि वर्ष 2022 में धनबाद एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है।

## एक नजर

### 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं हो सकी अधेड़ व्यक्ति के शव की पहचान

(न्यूज12 भारत)



तिसरा। घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरी वाधं के समीप रविवार की देर शाम एक अधेर व्यक्ति का शव मिला था| 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकती है। ओपी प्रभारी अपने स्तर से इसकी पहचान का काफी प्रयास कर रहे हैं पर अभी तक कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला है इसकी तस्वीर को कई ग्रुप में भी डालकर लोगों से जानकारी मांगी गई है प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 72 घंटे तक हम इसका इंतजार करेंगे की कोई उसे पहचान ले ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके हालांकि देखने से प्रतीत होता है कि बीमार किस्म का व्यक्ति था कहां से भटकता हुआ आया है यह अभी पता नहीं चल रहा है 72 घंटे के बाद इसे धनबाद भेजा जाएगा और वरिए अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी ने कहा कि किसी को भी जानकारी हो तो पुलिस को सूचना करें पुलिस हर संभव मदद करेगी। चोट या किसी तरह का शरीर में खरोच भी नहीं है।

### मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर उपस्थित महिलाओं के साथ अजीबोगरीब हरकत किये जाने से बिहार हो रहा शर्मसार, तत्काल दें अपने पद से इस्तीफा-बीरेन्द्र गोप



(न्यूज12 भारत)


गया।राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उनसे इस्तीफा मांगा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आपने पिछले कुछ महीनों से मंच पर उपस्थित महिलाओं के साथ जो अजीबोगरीब हरकत कर रहे हैं,सदन के अंदर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना तथा चुनावी सभाओं में जिस प्रकार उलजलूल वयानबाजी कर रहे हैं उससे यही दर्शाता है कि आप मानसिक रूप से बीमार हैं,आपको तत्काल मनोरोग चिकित्सक से ईलाज कि जरूरत है। बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि आप तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे दें, क्योंकि आपके इन हरकतों एवं वयानों से मुख्यमंत्री पद की क्षवि तो धूमिल हो ही रही है साथ ही बिहार भी शर्मसार हो रहा है। बीरेन्द्र गोप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रंगा-बिल्ला कि जोड़ी दोनों उपमुख्यमंत्रीयों पर हमला करते हुए कहा कि इनलोगों के पास सिर्फ लालूजी को गाली देने के सिवा अपनी कोई उपलब्धि है ही नहीं जिसके आधार पर बिहार वासियों से वोट मांग सके।

## हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया समीक्षा बैठक

**▶ हज यात्रा में गया एयरपोर्ट से 1100 लोग हज को जाएंगे मुख्य सचिव ने गया ज़िला पदाधिकारी को बधाई दिया**

(न्यूज12 भारत)

गया।हज यात्रा 2024 का आयोजन को लेकर आज मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में गया ज़िला, पटना ज़िले एव जहानाबाद ज़िला के डीएम एव एसएसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर तैयारियों के संबंध




में आवश्यक निर्देश दिया गया है।मुख्य सचिव बिहार ने बताया गया कि इस वर्ष हज यात्रा शुरुआत दिनांक 09 मई से 25 मई तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। गया एयरपोर्ट से लगभग 1100 लोग हज को जाएंगे। मुख्य सचिव ने गया ज़िला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम को बधाई दिया और कहा कि पिछली वर्ष गया में हाजियों के लिये काफी अच्छी व्यवस्था का इंतेजाम की गई थी। माइक्रोप्लान बनाकर क्लोज मोनिटरिंग डीएम के द्वारा की गई थी। इस वर्ष भी हाजियों के लिये पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखवाने को कहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने हज यात्रा की तैयारी को लेकर विस्तृत जानकारी दिया गया है।पूर्व वर्ष एयरपोर्ट पर हज यात्रियों के सुविधा हेतु आवासन, शुद्ध शीतल पेयजल, शौचालय, स्नानागार, कूलर की व्यवस्था, पर्याप्त रौशनी साथ ही साथ वजूखाना, नमाजगाह, इत्यादि की मुकम्मल इंतजाम किए गए थे।

## अनुग्रह मेमोरियल कौलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

(न्यूज12 भारत)



गया।अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दिनांक 22को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अमृतेंदु घोषाल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. उमा शंकर सिंह, डॉ. किशोर पासवान, डॉ. राजेश रंजन पांडेय , डॉ. नीरज कुमार आदि ने स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाते हुए अपनी अपनी सारगर्भित बातें रखीं तथा स्वयंसेवकों के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया है। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित करने के लिए और पृथ्वी को प्रदूषण से बचने के लिए एक सार्थक किया गया है।

## आरोग्य भारती पर्यावरण विभाग ने जगजीवन नगर में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी का किया आयोजन

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : आरोग्य भारती पर्यावरण विभाग द्वारा आज दिनांक 22 अप्रैल विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जगजीवन नगर में वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षताआरोग्य भारती धनबाद महानगर अध्यक्ष श्री दिनेश प्रसाद सिंह (पूर्व क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण परिषद) ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय संयुक्त सचिव श्री जयप्रकाश नारायण सिंह ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए तीन पी यानी पेड़ पौधे को लगाना एवं संरक्षण करना,पानी का संरक्षण एवं संचयन करना एवं सिंगल यूजप्लास्टिक का प्रबंधन करना आवश्यक है तभी पृथ्वी को बचाया जा सकता है।




मुख्य वक्ता के रूप में गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रांत पर्यावरण प्रमुख श्री अरुण राय ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 को पहली बार विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी पर संकट के कारण क्या है ,इस संकट में मनुष्य की भूमिका क्या है और इसका समाधान क्या है इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। जलवायु परिवर्तन ,प्रकृति एवं जैव विविधता का ह्रास एवं प्रदूषण पृथ्वी पर संकट के मुख्य बिंदु हैं। इसके समाधान के लिए हम सभी को आगे आना होगा। कार्यक्रम कार्यक्रम में अजय सिंहा ,सुनील उरांव ,अनिल शर्मा, धनंजय कुमार उर्फ़ लोहा सिंह, किशोर जी आदि उपस्थित थे।

## नाजरथ एकेडमी स्कुल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

(न्यूज12 भारत)

गया।नाज़रथ एकैडमी गया में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया है। इस मौके स्कुल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे आशुभाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ का संदेश दिया है। वी.के. संजय कुमार ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। स्कूल के प्रधानाध्यापिका सिस्टर अनीता ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का




आयोजन किया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों ने पेंटिंग व अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया है। बच्चों ने अकादमी में वाटिका विंग में विश्व पृथ्वी दिवस पर नन्हे-मुन्नों ने पेंटिंग बनाई और क्राफ्ट के माध्यम से प्लास्टिक हटाओ धरती बचाओ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है।

प्रधानाध्यापिका सिस्टर अनीता ने बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय में एक पौधा रोपित करने और पॉलिथीन का प्रयोग न करने का संकल्प भी लिया है। विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व पर और पर्यावरण के मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षिकाएं मौजूद रहे हैं।

## जयरामपुर में 45 फलेरिया मरीजों को एम एम डी पी किट का किया गया वितरण

(न्यूज12 भारत)

तिसरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर में 45 फलेरिया मरीजों को एम एम डी पी किट का वितरण किया गया| इस कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एस डी सी के सुनिल साव, एम पी डब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्ट उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि कट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका उपयोग कैसे करें किट में प्लास्टिक का टव, सावुन , तौलिया, मग, सेवलोन,मलहम, गल्पस के अलावा कई सामग्री थे मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें नियमित



उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी|

समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर ले सहिया दिदि घर-घर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें ताकि रोग बड़े नहीं मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है मच्छर काटने से बीमारी पनपत्ति है अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह ले। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी सुलेखा देवी रानी देवी शांति प्रिया संजू पूनम देवी सरिता देवी रेखा साहनी पुष्प लता देवी मनोरमा गुप्ता आदि थी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**हर कार्यक्रम की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले करना होगा ऑनलाइन आवेदन**

**▶ पहले आओ पहले पाओं' के आधार पर दी जाएगी अनुमति**

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च, हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उपायुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों को रैली, सभा या किसी तरह के अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर 48 घंटे से पहले ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होने के बाद "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में




वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। इसलिए जो भी विवरण व्यय पंजी में दर्ज करें, वह सही-सही करें। हर खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर जीते हुए उम्मीदवार की उम्मीदवारी चुनाव आयोग द्वारा रद्द भी की जा सकती है। इस अवसर पर व्यय कोषांग के वरीय प्रभारी सह स्टेट जीएसटी के उपायुक्त श्री गालिब अंसारी एवं व्यय कोषांग के नोडल सह सहायक आयुक्त जीएसटी श्री ध्रुव नारायण राय ने चुनाव के दौरान रैली, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा, बैनर पोस्टर की छपाई, स्टार कैंपेनर, हेलीकॉप्टर का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी, सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, यूआईडी मैनेजर श्री अमित कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, माधव दास, झामुमो के लक्खी सोरेन, आजसू के रतीलाल महतो, आप के रविंद्रनाथ सिंह, बीएसपी के मनोज दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा नेताओं के चुनावी वादों से आम जनता का भरोसा उठा-राजेंद्र साहू

## कांग्रेस की सरकार बनने पर 5 न्याय योजनाओं और 25 गारंटियों का लाभ पूरे देश को मिलेगा

(न्यूज12 भारत)



दुर्ग। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल की मौजूदगी में पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पचपेड़ी से जनसम्पर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान ग्राम पचपेड़ी में एक आमसभा को सम्बोधित करते हुए चैतन्य बघेल ने कहा कि राजेन्द्र साहू किसी परिचय के मोहताज नहीं है। हमेशा सामाजिक कार्यों में महती भूमिका अदा की है। वे विगत दो बार के विधानसभा चुनाव में पाटन विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी रहे हैं और दोनों विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने जीत हासिल किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री बने। मौजूदा सांसद विजय बघेल पूरी तरह निष्क्रिय रहे हैं। उन्हें लापता सांसद की उपमा देना अतिश्योक्ति नहीं होगी।

चैतन्य बघेल ने कहा कि मौजूदा सांसद विजय बघेल पांच साल के कार्यकाल में निष्क्रिय रहे हैं। अपने सांसद कार्यकाल के दौरान पाटन सहित समूचे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की कभी सुध नहीं ली। कांग्रेस शासनकाल के दौरान चुनावी घोषणापत्र में शामिल सभी वायदों को पूरा किया गया है। किसानों की कर्जमाफी, धान का समर्थन मूल्य 2500 रुपये करने, बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने जैसे फैसले किये गए। गरीबों को समान शिक्षा देने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम की स्थापना की गई थी। दो रुपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की गई।

आमसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो वादा करती है, उसे पूरा करती है। भाजपा वाले वादा करके भूल जाते हैं। वादाखिलाफी करना उनका मुख्य उद्देश्य रहता है। जनता जनार्दन को हमेशा बरगलाने और चुनावी जुमलेबाजी करने का काम भाजपा ने किया है। भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि हर एक के खाते में 15 लाख रुपये आएंगे। विडम्बना है कि किसी के खाते में पन्द्रह रुपये भी नही आए। दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया किया था लेकिन रोजगार किसी को नहीं मिला। नोटबंदी और जीएसटी लाकर व्यापारियों का व्यापार चौपट कर दिया। खाद बीज का दाम बढ़ाकर किसानों को माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी। आज मंहगाई चरम सीमा पर है। रजिस्ट्री शुल्क में तीस फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। भारतीय जनता पार्टी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया है। इसके पीछे उनका मुख्य उद्देश्य बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को बदलना है। अगर संविधान बदल गया तो लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा और आरक्षण खत्म हो जाएगा।

राजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर युवाओं को तीस लाख नौकरी दी जाएगी। बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा। मनरेगा के मजदूरों को 400 रुपए मजदूरी दी जाएगी। महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत प्रत्येक महिला को एक लाख रुपये सालाना दिया जाएगा जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी। आमसभा को भिलाई तीन चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू, जिला पंचायत की पूर्व सभापति जयश्री वर्मा, पुरषोत्तम तिवारी ने भी संबोधित किया। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने आज पाटन विधानसभा क्षेत्र के पचपेड़ी, औंधी, नारधी, बटंग, पाहंदा, अम्लेश्वर, अमलेश्वरडीह, कोपेडीह, महुहार, झीठ, मोतीपुर, जामगांव एम, रूही, सावनी, बठेना, पाटन अटारी, देवादा, फुंडा, गोड़पेंड्री, सेलूद में जनसंपर्क किया। सुबह से शुरू हुआ जनसंपर्क कार्यक्रम रात तक जारी रहा।

# लोकसभा चुनाव में कायस्थ उम्मीदवारों को ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस समर्थन देगा

(न्यूज12 भारत)

पटना / नई दिल्ली । ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने लोकसभा चुनाव में देश के किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी भी दल से या निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कायस्थ प्रत्याशियों को अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है । इस आशय का निर्णय आज ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन की अध्यक्षता में यहां हुई बैठक में लिया गया ।

जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने यहां बताया कि ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने लोकसभा चुनाव में आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा , पटना से भाजपा के रविशंकर प्रसाद , भोपाल से कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव, रांची से कांग्रेस की यशस्विनी सहाय और उत्तर प्रदेश के लखनऊ पश्चिम से विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव को अपना समर्थन देने का फैसला किया है । जीकेसी ने अपने सभी सदस्यों को पूरी ताकत से इन उम्मीदवारों को विजयी बनाने में लग जाने को कहा है । प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने बताया कि जीकेसी की सभी प्रदेश इकाइयों को यह निर्देश दिया गया है कि जिन क्षेत्रों से कायस्थ प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हों, चाहे वह किसी भी पार्टी से हो , उन्हें अपना भरपूर समर्थन दें । यदि किसी क्षेत्र से कायस्थ जाति के दो या दो से अधिक उम्मीदवार हों तो उसे जगह पर कायस्थ जाति से जीतने की संभावना वाले उम्मीदवार को एकजुट होकर अपना समर्थन दें ताकि वोट का बंटवारा नहीं हो सके । उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल , उड़ीसा , असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव में कायस्थ उम्मीदवारों को समर्थन देने का निर्देश दिया गया है । इस बीच जीकेसी के राजनीतिक प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन माथुर , सुनील कुमार श्रीवास्तव, शुभ्रांशु श्रीवास्तव , नवीन कुमार आदि पदाधिकारियों - सदस्यों ने संगठन के इस निर्णय की सराहना की है और इस निर्णय पर अमल करने के लिए सभी से आग्रह किया है ।

गौरतलब है कि ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कायस्थों के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक ,शैक्षणिक और सांस्कृतिक हित के लिए कार्यरत संगठन है जिसका देश के 20 से अधिक राज्यों में सशक्त तथा प्रभावी संगठन है ।

# पृथ्वी दिवस पर कोयला क्षेत्रो में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

(न्यूज12 भारत)




झरिया: सोमवार 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर झरिया कोयला क्षेत्र के बच्चों ने कोयला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में एक अनोखी जागरूकता रैली निकाली और संबंधित अधिकारियों से पृथ्वी को ओपन कास्ट कोयला खनन से होने वाले अत्यधिक नुकसान से बचाने की अपील की।

यह आकर्षक कार्यक्रम झरिया स्थित शैक्षणिक एवं सामाजिक परियोजना कोलफील्ड चिल्ड्रेन क्लासेज, झरिया द्वारा संचालित किया गया था ।सोमवार सुबह 30 से अधिक बच्चे सिर में ग्लोब मॉडल और हाथ में तख्तियां लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए मोहिरबांध, कुजमाम, घुनुडीह क्षेत्र में घूमें। मिट्टी के मटके से ग्लोब बनाए गए।लोग जानने को उत्सुक थे कि क्या हो रहा है।

केंदुआ में उगते सूरज के सामने उन्होंने नारा दिया, "क्या कहती है धरती माता?" मेरा रूप वापस दो !"पेड़ लगाओ खुद को बचाओ" उपरांत झरिया के पूर्वी भाग में मोहरीबांध कुजामा कोलियरी में वे मार्मिक नारा लगाएं कि - क्या कहते धरती माता ? - मेरा रूप न बिगाड़े " देखो,"प्लास्टिक हटाओ, प्लेनेट बचाओ" आदि।गौर तलब है कि हर साल 22 अप्रैल के दिन सारा दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है । उद्देश ये है कि सारा दुनिया में वातावरण रहने के लायक बने।

झरिया मे बच्चों इस कड़ी में हिस्सा लिया ग्लोब का चित्र भी बनाया और केंदुआ घनसाढ़ी इकाई में पेड़ लगाए।

70 साल की बुजुर्ग महिला प्रेमा देवी और कोलकाता के लुब्धक चटर्जी ने केंदुआ में पेड़ लगाए।कार्यक्रम में अतिथि प्रबुद्ध मुखोपधाया, बापी दास के साथ डी नोबिली स्कूल के भी छात्र सौमिल थे क्लास 12 के सौमिल दे,सौम्यदीप रॉय,अनंगारी रॉय, एम ए की छात्रा सावित्री कुमारी भी उपस्थित थीं। सभी ने कहा कि अब हमें खुद को बचाने के लिए पेड़ लगाना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता और कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेज के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा ऐसी रैली के माध्यम से हम सरकार के सामने अपील करना चाहते हैं कि झरिया को अंधाधुंध कोयला खनन से होने वाले प्रदूषण से बचाया जाए। मोहरीबांध, कुजामा, दीपूधोरहा, घुंडीही की धरती अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बीसीसीएल अपने आप को प्राइवेट कोयला खदानों से तुलना करें, यह कोई रैली नहीं है, यह अगली पीढ़ी का उद्घोष है'। रैली का नेतृत्व पिनाकी रॉय, शिक्षिका मौसमी रॉय व छात्रा सुमन कुमारी ने किया।

झरिया के छात्र पंकज कुमार, सोनू कुमार, रिंकी कुमारी, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, नंदनी झा, तानिया कुमारी,नंदनी कुमारी, अंजनी कुमारी,नंदन कुमार, गुंजन कुमारी आदि और केंदुआ के बच्चे दुर्गा कुमारी, प्रेम कुमार,चांदनी कुमारी, राजवीर कुमार,राजू कुमार, नीलम कुमारी, वर्षा कुमारी आदि मौजूद थे।

# बी.आई.टी सिंदरी में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एक दिन का सेमिनार हुआ आयोजित

(न्यूज12 भारत)




धनबाद : बी.आई.टी सिंदरी में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एक दिन का सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें "सरकार के साथ काम करने का कैसे और क्यों" विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस सेमिनार का आयोजन IEEE Student Branch B.I.T Sindri के विद्युत विभाग में हुआ जिसमें अमेरिका के आईईईई के प्रबंध निदेशक, मिस्टर रसेल हैरिसन ने व्याख्यान और मेंटरशिप की गई। इस ऑनलाइन सेमिनार के प्रवंधन कार्यकारी विद्युत विभाग के हेड, डॉ. एम.डी. अबुल कलाम, बी.आई.टी सिंदरी के निदेशक प्रोफेसर पंकज राय, बी.आई.टी सिंदरी के IEEE Student branch परामर्शक विनीत शेखर, अमित कुमार चौधरी के अधीन किया गया।

मिस्टर रसेल हैरिसन एक विश्वसनीय व्यक्ति हैं जो IEEE USA के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव से भरपूर व्यक्तित्व ने इस सेमिनार को अद्वितीय बनाया।

# सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी की जीत सुनिश्चित करें : सदानंद महतो

(न्यूज12 भारत)



तोपचांची-- तोपचांची प्रखंड अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी तथा ग्रामीणों की एक बैठक की गई।जिस बैठक की अध्यक्षता अमर भारती ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि रहें सदानंद महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की पार्टी है।यह पार्टी गिरिडीह लोकसभा को संभालने का काम करेंगी ,सांसद सीपी चौधरी की जीत सुनिश्चित है।इस बैठक में सवसमिति से अमर भारती को पंचायत के युथ प्रभारी बनाया गया है इसमें मुख्य रूप से बेसल राज,विकी भारती शिवनारायण भारती,मीना देवी, आशा देवी,किरण देवी,कंचन देवी, शकीला खातून,समलोति देवी,कलावती देवी ,साधुवाली देवी,मेनका देवी,सुंदरी देवी महिमा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

# नगर निगम क्षेत्र में लू बचने के लिए पनशाला स्थापित कराए गए - नगर आयुक्त

(न्यूज12 भारत)



गया।गर्म हवाएं एवं लू से बचने के लिए नगर आयुक्त नगर निगम गया नगर आयुक्त अभिलाष शर्मा के द्वारा गया नगर निगम के विभिन्न स्थलों पर पनशाला स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम के निम्न स्थलों पर पनशाला का अधिष्ठापन किया जाएगा। गांधी मैदान रैन बसेरा ,1 गांधी मैदान रेन बसेरा 4, राय काशीनाथ मोड, समाहरणालय के सामने, पंचायती अखाड़ा बस स्टैंड के समीप, आजाद पार्क, टावर चौक, नई गोदाम पंप हाउस के निकट ,गया जंक्शन के निकट ,सरकारी बस स्टैंड ,गया कॉलेज, गया क्लब ,मिर्ज़ा ग़ालिब कॉलेज के नजदीक, चंद चौरा, बाईपास ,सिकरिया मोड़ खालिस पार्क आदि स्थलों पर पनशाला का संचालन किया जाएगा। रेन बसेरा गांधी मैदान संख्या 1 एवं रेन बसेरा गांधी मैदान संख्या 4 में आज से ही पनशाला का संचालन किया जा रहा है। पनशाला में शुद्ध पेयजल के अतिरिक्त o.r.s की भी व्यवस्था रहेगी साथ ही साथ कुछ स्थलों पर कूलर एवं बेड की भी व्यवस्था की जाएगी। गर्म हवाएं एवं लू से बचने हेतु नगर आयुक्त ,गया नगर निगम के द्वारा आम जनों से आपदा विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने एवं निम्न उपाय करने की अपील की गई - जितनी बार हो सके पानी पियें, सफर के दौरान पानी हमेशा साथ रखें|

# झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न

(न्यूज12 भारत)




झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी का काम और कमल के निसान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके।

# माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पर नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया

(न्यूज12 भारत)



गया। माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पटना-गया रोड पर स्थित चाकन्द के समीप रहीम बिगहा में नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया है। इस दौरान कुमार गौरव ने अपने अपना माता का पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और विद्यालय के बच्चों को भोजन कराया गया है। सिन्हा ने कहा कि कोरोना काल में मेरी माता माधुरी देवी का निधन हो गया, उसके बाद से मैं इन असहाय बच्चों के साथ ही माता का पुण्यतिथि को मनाता हूं। इनलोगों के पास आकर इनकी सेवा कर मैं अपनी माता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी अर्पित कर पाता हूं। वर्ष 1983 से चलने वाले इस नेत्रहीन विद्यालय के संस्थापक महेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि आज तक किसी प्रकार की हमें सरकारी सुविधाएं नहीं प्राप्त हुई हैं। जबकि यहां बिहार के विभिन्न जिलों यथा कैमूर, रोहतास, पूर्णिया, दरभंगा सहित कई जिलों के बच्चे यहां रहते हैं और यहां से पढ़ाई कर देश के कई हिस्सो में नौकरी कर रहे हैं जिसमें अभी वर्तमान समय में एक लड़का मुंबई, रेलवे में कार्यरत हैं। इनकी बातों को सुनने और जानने के बाद माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि हमारी सरकार के मुखिया नीतीश कुमार हर चीजों पर नजर रखते हैं और सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि इस नेत्रहीन विद्यालय को सरकार के संज्ञान में लाकर सहयोग दिलाने का पूरा प्रयास करुंगा। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों के अलावे गौतम कुमार,सागर कुमार, राजेश कुमार ,शौर्य कुमार लाल,आदि मौजूद रहे।